पृथ्वी पर पाए जाने वाले जीव के विभिन्न रूप हम मनुष्यों के साथ सभी जीवों की आवश्यकताओं की पूर्ति हमारी जैव संपदा द्वारा ही संभव है

कार्यक्रम का शुभारंभ करते अतिथि ।

कार्यक्रम में शामिल लोग।

अररिया(एसएनबी)। शहर के कुसियार गांव पार्क में राज्य जैव विविधता पर्षद के तत्वावधान में अररिया वन प्रमंडल अररिया की अधिकारी व कर्मियों द्वारा विविधता प्रबंधन समितियों के सदस्यों की क्षमतावर्धन के लिए एक दिवसीय कार्यशाला आयोजित हुई। कार्यशाला में उप निदेशक बिहार, राज्य जैव बिविधता परिषद पदाधिकारी हेमकांत राय, राज्य जैव बिविधता परिषद पदाधिकारी मिहिर कुमार झा, उप निदेशक बिहार, ,प्रो.बचनेश्वर मिश्रा, पर्यावरण विद सुदन सहाय, वनों क्षेत्र के पदाधिकारी राधेश्याम राय ने दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम की शुरुआत की। कार्यक्रम के में जिले के जैव विविधता प्रबंधन समिति के कार्य और कर्तव्य के बारे में विस्तार से बताया। बताया कि पृथ्वी पर पाए जाने वाले जीव के विभिन्न रूप हम मनुष्यों के साथ सभी जीवों की आवश्यकताओं की पूर्ति हमारी जैव संपदा द्वारा ही संभव है।

जैव विविधता का संरक्षण और संवर्धन में आम नागरिकों की भूमिका अति आवश्यक है। इसके लिए जैव विविधता प्रबंधन समितियों को आगे आना होगा और आम जनता को जागरूक करना होगा। जैव विविधता पंजी निर्माण की आवश्यकता तथा प्रक्रिया के बारे में विस्तृत जानकारी दी। कार्यक्रम की सफलता के लिए दिनेश प्रसाद यादव, अंशुमन कुमार, वन विभाग के कर्मी राहुल कुमार, प्रियंका कुमारी, अमरैन असगर समेत अन्य वन कर्मी मौजूद थे।